बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

प्र०–10 / प्राक्क०(पुल)–04–57 / 2026 पटना, दिनांक :

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,
महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग।

विषयः– पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत कुम्मा–बेला पथ के 4 थे कि०मी० में 2×7मी०×4मी० आकार के माईनर ब्रीज निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹167.02 लाख (रुपये एक करोड़ सड़सठ लाख दो हजार) मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः– पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत कुम्मा–बेला पथ के 4 थे कि०मी० में 2×7मी०×4मी० आकार के माईनर ब्रीज निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹167.02 लाख (रुपये एक करोड़ सड़सठ लाख दो हजार) मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ / पथांश में संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLPके बाद ही कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। पथ यदि OPRMC में संधारित किया जा रहा हो तो कार्य कराने के पूर्व OPRMC से विलोपित करना आवश्यक होगा।

3. विषयगत कार्य हेतु वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष "41–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय– 03– राज्य राजमार्ग–101–सेतु–0101–पुल–राज्य योजना– मत्तदेय" विपत्र कोड – 41–5054031010101 अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सीतामढ़ी द्वारा कराया जायेगा, जो इस निमित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा वे राशि की निकासी कोषागार, सीतामढ़ी से करेंगे।

5. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

वर्ष	वित्तीय वर्ष (लाख रू में) विपत्र कोड–41–5054031010101	भौतिक लक्ष्य
2026–27	167.02	सभी कार्य पूर्ण करना।
कुल	**167.02**	

6.. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना एवं मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

7. इसकी सूचना मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता (पथ संधारण)/अधीक्षण अभियंता, उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर/ कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल सीतामढ़ी /मुख्य अभियंता (अनुश्रवण),पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी गई है।

8. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की सहमति एवं स्थायी वित्त समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

9. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर सचिव महोदय की स्वीकृति संचिका के पृ0– 14/टि0 पर दिनांक– 02.11.2026 को प्राप्त है।

10. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–13/टि0 पर दिनांक–29.10.2026 को प्राप्त है।

ह०/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–10/प्राक्क०(पुल)–04–57/2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–10/प्राक्क०(पुल)–04–57/2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :–वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत / जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–10 / प्राक्क०(पुल)–04–57 / 2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर / कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, उत्तर बिहार पथ अंचल मुजफ्फरपुर विषयगत कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।
3. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (मु०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगें।

ह० / –

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–10 / प्राक्क०(पुल)–04–57 / 2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग / सरकार के विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार / संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग / आं0वि0स0, पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (पथ संधारण), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता, योजना–1 / 2, पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख(मु०) / (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9 / प्रशाखा–10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना / मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह० / –

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–10 / प्राक्क०(पुल)–04–57 / 2026– 7946 (S) पटना, दिनांक : 03/11/26

प्रतिलिपि :–आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03.11.2026

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

03.11.26